क्रिकेट | पहले दिन खेले गए चार मैच

# अंतर विभागीय रेलवे क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज




**नवभारत,जबलपुर।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) व आल इंडिया रेलवेमैंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के तत्वावधान में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज रेलवे स्टेडियम में गुरूवार की शाम को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यूनियन के पूर्व मंडल सचिव का. नवीन लिटोरिया, मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला व मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में 32 टीमें मैदान में अपने खेल का प्रदर्शन कर रही हैं।

## आकाश ने खेली 30 रनों की पारी

गुरुवार को खेले गए मैचो में पहला मैच रैक वॉरियर और कछपुरा के बीच आयोजित किया गया जिसमे कछपुरा टीआरडी ने मैच जीता वही दूसरा मैच मैकेनिकल एनकेजे और ट्रैक मशीन जबलपुर के बीच था जिसमे विजेता टीम मैकेनिकल एनकेजे ने मैच अपने नाम किया। तीसरा मैच कोचिंग डिपो और इलेक्ट्रिक पावर के बीच हुआ जिसमे इलेक्ट्रिक पावर ने मैच जीता और अंत में चौथा मैच स्पार्टन 11 और नॉर्थ पी डब्लूएवाई के बीच हुआ जिसमे स्पार्टन 11 ने मैच अपने नाम किया। आकाश तिवारी ने भी स्पार्टन 11 की टीम की ओर से मैदान पर उतरकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर बेहतरीन 30 रनों की पारी खेली और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मैच के दौरान श्री तिवारी का यूनियन के मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि आयोजित यह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता निश्चित रूप से रेल कर्मचारियों के बीच एकता और खेल भावना को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन माध्यम है। वही आकाश जैसे अधिकारी का इसमें सक्रिय रूप से भाग लेना आयोजन की सफलता में चार चाँद लगा देता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला, मंडल सचिव रोमेश मिश्रा हैट्रिक लेने वाले मेकेनिकल के खिलाड़ी अमन को मैंन ऑफ दी मैच का खिताब दिया गया।



# स्टीम फील्ड एफसी जबलपुर और नर्मदा वैली मंडला की शानदार जीत

▸ ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में यू-15 यूथ लीग फुटबॉल मुकाबले हुए रोमांचक

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में आयोजित यू-15 यूथ लीग फुटबॉल बॉयज प्रतियोगिता में आज दो मुकाबले खेले गए। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव अमित रंजन देव ने मैचों की जानकारी दी। पहला मुकाबला स्टीम फील्ड एफसी जबलपुर और बॉयज एफसी के बीच खेला गया, जिसमें स्टीम फील्ड एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14-0 से बड़ी जीत दर्ज की। पहले हाफ में स्टीम फील्ड ने तेज शुरुआत करते हुए 6 गोल किए और 6-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे हाफ में टीम ने आक्रामक खेल जारी रखते हुए 8 और गोल दागे और मुकाबला एकतरफा कर दिया। उकवा की टीम प्रयास के बावजूद गोल करने में असफल रही।

## दोनों टीमों ने दिखाया रक्षात्मक खेल

दूसरा मुकाबला नर्मदा वैली मंडला और सतना सोल्जर के बीच खेला गया। पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ, जहां दोनों टीमों ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया। दूसरे हाफ में मंडला ने 60वें मिनट में पहला गोल किया और 89वें मिनट में दूसरा गोल दागकर 2-0 से जीत अपने नाम की। सतना की टीम बराबरी करने में असफल रही। दोनों मुकाबलों में कोच, रेफरी और मैच अधिकारियों की भूमिका अहम रही। सभी मैच सुचारू रूप से संपन्न हुए और खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन किया।

# आयुष्मान प्रोत्साहन राशि वितरण में अनियमितता का आरोप

▸ मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ ने की जांच की मांग



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ, जिला स्वास्थ्य समिति जबलपुर के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पनगरहा के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रोत्साहन राशि वितरण में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। संघ के अनुसार, राशि वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई और कई ऐसे कर्मचारियों को भुगतान कर दिया गया जिनका मरीजों से सीधा संबंध नहीं है, जबकि वास्तविक सेवा में लगे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अनदेखी की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को भुगतान में भारी गड़बड़ी हुई है, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आती है।

संघ के पदाधिकारियों नरेश कुलस्ते, विपिन पीपरे, अजय दुबे एवं महेन्द्र शर्मा ने मांग की है कि अब तक हुए वितरण की निष्पक्ष जांच हो, अनियमित भुगतान पर रोक लगे तथा शेष राशि सभी पात्र कर्मचारियों में समान रूप से वितरित की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ, जिला स्वास्थ्य समिति जबलपुर द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रशासन को दूसरा ज्ञापन सौंपकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। यह ज्ञापन भी ओम प्रकाश पनगरहा के नेतृत्व में दिया गया। संघ ने बताया कि कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है तथा एरियर्स राशि का भुगतान भी लंबित है। इसके अलावा विभागीय बैठकों में लिए गए निर्णयों के बावजूद कई कर्मचारियों के आदेश अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ज्ञापन में आई-टाइप कॉलोनी की खराब सफाई व्यवस्था पर भी चिंता जताई गई, जहाँ निर्धारित कर्मचारियों की कमी से गंदगी बढ़ रही है। साथ ही, जर्जर सरकारी आवासों की मरम्मत न होने से दुर्घटना की आशंका भी जताई गई है। संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर कर्मचारियों में असंतोष और बढ़ेगा।

# अस्मिता सिटी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में अस्मिता सिटी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से शिवाजी मैदान, सदर में किया जा रहा है। बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में ईस्ट यूनाइटेड जबलपुर, रायसेन डायमंड रॉक, फसी बालाघाट, उकवा बालाघाट, सरदारपुर फसी धार और डीएफए मुरैना की टीमें शामिल हैं। लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में कुल 8 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीम को अस्मिता स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसका आयोजन अखिल भारतीय फुटबॉल संघ द्वारा किया जाएगा।

# युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत बढ़ई मोहल्ला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को धरम ठाकुर 32 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला हरदौल मंदिर के पीछे गोहलपुर ने सूचना दी कि उसका पड़ौसी विजय सिंह ठाकुर 40 वर्ष दोपहर लगभग 2-30 बजे स्वयं के घर बढ़ई मोहल्ला मंदिर के पीछे गोहलपुर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# सूने घर से जेवर, नकदी चोरी

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत पहरहा में चोरों ने सूने घर में धावा बोलकर जेवरात, नकदी पार कर दी। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को गुलाब गड़ारी 60 वर्ष निवासी पहरहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह वह बकरी चराने जंगल गया था बेटा मजदूरी करने गया था पत्नी माया बाई के खेत में गेहू बीनने गयी थी। सुबह लगभग 10 बजे से 11 बजे के बीच उसकी पत्नी खेत से वापस आयी देखी घर के बाहर के दरवाजे का ताला टूटा है अंदर के कमरे में रखी पेटी का ताला टूटा है कपड़े बिखरे पड़े थे अंदर रखे स्टील के डिब्बे में रखे नगदी लगभग 78 हजार रूपये तथा एक जोड़ी पायल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# रिपोर्ट का बदला लेने युवक ने मचाया उपद्रव

**नवभारत,जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत भानतलैया में अपनी भतीजी के साथ हुई बदसलूकी के खिलाफ रिपोर्ट करने पर महिला दुकानदार के साथ आरोपी ने मारपीट की, इस दौरान बीच बचाव के दौरान महिला की गोद से एक 3 साल का मासूम गिरकर घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक भानतलैया निवासी संगीता गुप्ता अपने घर के सामने ही किराने की दुकान चलाती हैं। करीब 2 महीने पहले उनके पड़ोस में रहने वाले समीर ने उनकी भतीजी पलक गुप्ता के साथ अभद्रता की थी। जिसकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत का बदला लेने के लिए समीर लगातार मौके की तलाश में था। बीती रात करीब 11 बजे, जब संगीता अपनी दुकान पर थीं, तभी आरोपी समीर वहां पहुँचा। आरोपी ने आते ही विवाद शुरू कर दी और चिल्लाकर बोला तुमने मेरी रिपोर्ट करवाई थी, अब देखो मैं क्या करता हूँ। जब संगीता ने विरोध किया, तो समीर ने उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें सरेराह तमाचे जड़ दिए। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाली सोनिया गुप्ता, ऊषा और रेखा गुप्ता मौके पर पहुँचीं। जब उन्होंने संगीता को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी और उग्र हो गया। उसने सोनिया गुप्ता को इतनी जोर से धक्का दिया कि उनकी गोद में मौजूद 3 वर्षीय बेटा दिव्यांश गुप्ता छिटककर जमीन पर गिर पड़ा। मासूम के सिर में गंभीर चोट आई है। इसके बाद आरोपी धमकाते हुए फरार हो गया।


## पश्चिम मध्य रेल

**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई. निविदा भरत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम.डब्लयू-जे.बी.पी 50-2026 दिनांक-07.04.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत टी.एस. आर.-1.65 कि.मी., टी.टी.आर. (एफएस + टी. डब्ल्यूएस + डब्ल्यू. सी. एम.एस)-1/12 -05 नग, टी.टी.आर. (एफएस +टी.डब्ल्यूएस +डब्ल्यू. सी. एम.एस.)-1/8.5 -04 नग, टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यूएस+डब्ल्यू.सी. एम.एस.सी.)-1/12-01 नग, टी.टी. आर. (टी.डब्ल्यूएस+डब्ल्यू.सी. एम.एस)-1/8.5 - 07 नग, टी.टी.आर. (टी. डब्ल्यूएस+डब्ल्यू सी. एम.एस)-1/12 -39 नग, टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस+डब्ल्यू सी.एम. एस)-1/8.5-35 नग, टी.टी.आर. (सी.एस सी. एम.एस.)-1/8.5 -54 नग, टी.टी.आर. (एफ. एस) 1/12 -14 नग, टी.टी. आर. (एफ.एस) 1/8.5 -10 नग, एंव टी.टी.आर. (केवल डी.एस रेल कम्पोनेंट) -07 नग।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये:** 4,05,45,144/-, **बयाना राशि रुपये:** 8,10,900/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम. डब्लयू-जे.बी.पी 51-2026 दिनांक- 07.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** :वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एलसी गेटों पर मानकीकरण और उन्नयन कार्य (जै.से. लेवल क्रांसिंग गेट लॉज, शौचालय ब्लॉक, जल आपूर्ति, सडक की सतह तैयार करना और हाइट गेज फेंसिंग की व्यवस्था आदि सुधार का कार्य। एलसी संख्या 312, 324, 326, 327, 328, 329, 331, 332, 336, 338, 339, 340, 341, 342, 343, 344, 346, 347, 349, 350, 351, 353, 355, भेड़ाघाट-कटनी और एलसी संख्या 94, 98 और 100 बिना कटनी खंड में।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये:** 3,30,25,186/-, **बयाना राशि रुपये:** 6,60,500/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम. डब्लयू जे.बी.पी 52-2026 दिनांक-08.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता कटनी अनुभाग में स्लीमनाबाद से कटनी स्टेशन एव बकलेटा से मझगवां फाटक स्टेशन तक रेल्वे क्वार्टर्स एंव सर्विस बिल्डिंग का मरम्मत का कार्य ।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये:** 1,23,68,188/-, **बयाना राशि रुपये:** 2,47,400/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम. डब्लयू जे.बी.पी 53-2026 दिनांक-08.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अधीन दो वर्ष की अवधि के लिए सेवा भवन, आवासीय बंगलों एवं कॉलोनियों के उद्यान/लॉन का रखरखाव तथा प्रेम नगर, उत्सव, कछपुरा, नेहरु, रेल सौरभ, पचपेड़ी, अपर लाइन, लोको तलैया एवं अधिकारी कॉलोनी आदि के उद्यानों का त्रैमासिक रखरखाव।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये :** 1,36,54,339/-, **बयाना राशि रुपये** :2,73,100/-, **समापन अवधि :** 24 माह, **उपरोक्त सभी निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे:** 05-05-2026, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे:** 05-05-2026, उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय नगर परिषद पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)

फोन नं. 07621-220435 ई मेल -cmopatan@mpurban.gov.in

क्र. 98/PWD/NP/2026 | **निविदा सूचना** | पाटन, दिनांक:- 10/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि | क्रं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD_ 499376_1 दि. 10/04/2026 | वार्ड क्र. 10 स्थित नवीन बस स्टेण्ड यात्री प्रतिक्षालय में मरम्मतीकरण कार्य | 2 माह 5,90,662/- | 2,000/- 6,000/- | 27/04/2026 | 1 |
| 2026_UAD_ 499377_1 दि. 10/04/2026 | वार्ड क्र. 01 शासकीय प्राथ. शाला में निर्मित अतिरिक्त कक्ष में छपाई एवं अन्य मरम्मत कार्य | 2 माह 3,81,863/- | 2,000/- 3,900/- | 27/04/2026 | 2 |
| 2026_UAD_ 379971_4 दि. 10/04/2026 | नगर के विभिन्न वार्डो में आर.सी.सी. नाली नाला मरम्मत एवं निर्मित नाले व नालियों का कवर्ड कार्य (4th Call) | 2 माह 9,83,743/- | 2,000/- 9,900/- | 27/04/2026 | 3 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आचार्य जगेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर

श्रीमती जयश्री चौहान
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर



## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

N.I.T.NO.:/PWD/08/PRO No.-65 | Date:- 10/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD _497729_1 Date:- 16/04/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत झंडा चौक में बलराज सोनकर के निवास से रामावतार वंशकार निवास तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 14.08 लाख | 2000/- 10562/- | 16/05/2026 |
| 2. | 2026_UAD _497729_2 Date:- 16/04/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थलो में सडक निर्माण कार्य सिद्धगोपाल मिठाई लाल चकवती भानतलैया, रोहित ठाकुर से विश्वकर्मा निवास, विक्रम वंशकार से गोलू वंशकार वाया आशीष वंशकार से प्रकाश वंशकार एवं कुमेश वंशकार से संतोष रजक के प्रेमसागर तक सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 12.66 लाख | 2000/- 9502/- | 16/05/2026 |
| 3. | 2026_UAD _497729_3 Date:- 16/04/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थलो में सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 12.68 लाख | 2000/- 9514/- | 16/05/2026 |
| 4. | 2026_UAD _497729_4 Date:- 16/04/2026 | सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत शोक सभा भवन में चैनल गेट एवं आयरन वेंटिलेशन लगाये जाने का कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 2.50 लाख | 2000/- 2502/- | 30/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

संभागीय यंत्री / कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, अनूपपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं. 10/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/मु.अ./लो.नि.वि./भवन/658 | रीवा, दिनांक : 06/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| सं. क्र. | पोटल टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवाहित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PWPIU _497466_1 | अमरकंट जिला अनूपपुर में सर्किट हाउस (3+1) का निर्माण कार्य मय वाटर सप्लाई विद्युतीकरण का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | अनूपपुर | 147.97 | 147970.00 | 12500.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित | - |

(1) निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
(2) निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/केशकार्ड/इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
(3) निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 10/04/2026 समय 10.00 AM से दिनांक 24/04/2026 समय 5:30 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
(4) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेग, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री(भवन)
लोक निर्माण विभाग, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

जी-11297/26 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष 07642-252443 ई-मेल: eephedmal@mp.nic.in फेक्स. 07642-253622

निविदा क्रमांक 01/2026-27/नि.शाखा/लो.स्वा.यॉ./2026 | **निविदा आमंत्रण सूचना** | मण्डला, दिनांक 06/04/2026

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तुत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

***Name Of Work :-*** Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Various Block of Distt Mandla M.P. based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of Sumpwell, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Sub mission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01/ 26-27 | 2026_PHED_ 497674 _1 | Tilai | Nainpur | 13.77 | 27540 | 2000 | 17-04-2026 | 21-04-2026 | 09 Months I/R Season |

नोटः- निविदा प्रत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

G-11306/26 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



## कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर (म.प्र.)

Email ID: jscjjbp@mp.gov.in Fax No.- 0761-2621752 Ph.No.- 0761-2620016

**अल्पकालिक तृतीय वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष-2026-27**

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, केन्द्रीय जेल जबलपुर में मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत खण्ड- 1. दवाईयाँ, चिकित्सा उपकरण, लैन सामग्री एवं चिकित्सीय जाँच के वर्ष 2026-27 मे क्रय हेतु अल्पकालिक तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 16/04/2024 को समय प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल जबलपुर |
| 2. | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 600/- रूपये तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/-रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जाएगा। | दिनांक 26/04/2026 को सायंकाल 05:30 बजे से तक | https://mptenders.gov.in |
| 3. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूने की गुणवत्ता परीक्षण। | दिनांक 27/04/2026 को दोपहर 11:00 बजे से | केन्द्रीय जेल जबलपुर |
| 4. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28/04/2026 को दोपहर 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल जबलपुर |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

जेल अधीक्षक
नेताजी सुभाषचंद्र बोस
केन्द्रीय जेल जबलपुर

जी-11301/26 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता